भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 236
05 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

अंतर्देशीय मत्स्यपालन का विकास

236. श्री विष्णु दत्त शर्मा:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में विशेषकर खजुराहो लोक सभा क्षेत्र के पन्ना, कटनी और छतरपुर जिलों में अंतर्देशीय मत्स्यपालन और संबंधित प्रसंस्करण और आपूर्ति श्रृंखला अवसंरचना को बढ़ावा देने तथा इसके विकास के लिए कोई प्रयास किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) से (ग): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय मध्य प्रदेश सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 20050 करोड़ रु/- के अब तक के उच्चतम निवेश के साथ वित्तीय वर्ष 2020-21 से 5 वर्ष अवधि के लिए एक प्रमुख योजना अर्थात् प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) लागू कर रहा है । पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2020-21, 2021-22 और 2022-23) और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने मध्य प्रदेश राज्य के खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के पन्ना, कटनी और छतरपुर जिलों सहित राज्य में अंतर्देशीय मत्स्य पालन (इनलैंड फिशेरीस) और संबंधित प्रसंस्करण और आपूर्ति श्रृंखला अवसंरचना के विकास के लिए 235.42 करोड़ रु/- की केंद्रीय हिस्सेदारी के साथ 747.57 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय पर मध्य प्रदेश सरकार के प्रस्तावों को मंजूरी दी है । इसके अलावा, मध्य प्रदेश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार उक्त योजना के तहत खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के पन्ना, कटनी और छतरपुर जिलों में मत्स्य पालन के समग्र विकास के लिए की गई उपलब्धियों का विवरण अनुबंध में है।

अनुबंध

05 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 236 के उत्तर में उल्लिखित विवरण - खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के पन्ना, कटनी और छतरपुर जिलों में प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत उपलब्धियों का विवरण ।

क्रम सं	गतिविधि का नाम	जिला पन्ना	जिला छतरपुर	जिला कटनी
		विकसित इकाइयों की संख्या/ क्षेत्र हेक्टेयर में	विकसित इकाइयों की संख्या/ क्षेत्र हेक्टेयर में	विकसित इकाइयों की संख्या/ क्षेत्र हेक्टेयर में
1	नए तालाब का निर्माण (हेक्टेयर)	71.8	10.5	27.2
2	पालन के लिए तालाब (रियरिंग पॉण्ड)	1	1	3
3	बायोफ्लॉक (7 टैंक)	19	1	0
4	बायोफ्लॉक (25 टैंक)	1	0	0
5	बायोफ्लॉक (50 टैंक)	1	0	0
6	पॉण्ड बायोफ्लॉक (हेक्टेयर)	15	0	0
7	आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज (10 टन)	2	0	0
8	आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज (20 टन)	1	0	0
9	आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज (30 टन)	1	0	0
10	आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिल	13	46	62
11	आइस बॉक्स के साथ थ्री व्हीलर	4	12	2
12	मत्स्य कियॉस्क	12	2	0
13	मत्स्य चारा मिल (2 टन)	7	0	0
14	मत्स्य चारा मिल (8 टन)	1	1	0
15	रेफ्रीजेरेटेड ट्रक	1	0	0